Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Pratapgarh, Rajasthan.

श्री चद्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदया, हमारे संसदीय क्षेत्र चितौड़गढ़ में तीन जिले आते हैं, उनमें प्रतापगढ़ जिला आदिवासी बहुल जिला है। अगर वहां विकास की एक भी ईंट लगी है तो वह भारतीय जनता पार्टी के राज में लगी है। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: अध्यक्ष महोदया, ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अभी कुछ नहीं होगा, आपने अपना चांस उनको दे दिया, अब आपको दोबारा बोलने का मौका नहीं मिलेगा।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं।

श्री चद्र प्रकाश जोशी : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि सुदूर आदिवासी बहुल जिले में इस सरकार ने एक नवोदय विद्यालय भी दिया है।...(व्यवधान) उस जिले में बहुत केंद्रीय कर्मचारी निवास करते हैं, उनके बच्चों को पढ़ने के लिए वहां केंद्रीय विद्यालय की महती आवश्यकता है। हम ने केंद्रीय विद्यायल समिति को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए हैं। आज उस क्षेत्र में चाहे नया नेशनल हाइवे दिया हो, बाईपास दिया हो, नवोदय विद्यालय दिया हो या रेलवे की सर्विस दी हो, इस सरकार के राज में आजादी के बाद पहली बार वहां के लोग देख रहे हैं कि आदिवासी क्षेत्र में विकास के नए काम हुए हैं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि इस सत्र में प्रतापगढ़ में नया केंद्रीय विद्यालय खुले ताकि वहां की शिक्षा का स्तर बढ़ सके। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री सी.पी.जोशी द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मिस्टर खड़गे, आप एक बात समझिए कि इसी विऐाय पर मैंने आपका नाम लिया था लेकिन आपने कहा कि ज्योतिरादित्य जी मेरी तरफ से बोलेंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ऐसा नहीं होता है। स्टेटमेंट पर प्रश्न नहीं होता है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : स्टेटमेंट पर प्रश्न नहीं होता है। आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: अध्यक्ष महोदया,...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपकी बात नहीं समझ पा रही हूं। आप अपनी बात लिखित रूप में दें।

…(व्यवधान)